
# भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ जयंती सप्ताह प्रारंभ



*भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट करते हुए प्रो. सुदेश।* (अरोड़ा)

गोहाना, 20 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में गुरुवार से महान शिक्षाविद् भगत फूल सिंह की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'जयंती सप्ताह' का शुभारम्भ हो गया। वी.सी. प्रो. सुदेश और रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती सप्ताह की शुरूआत की।

महिला विश्वविद्यालय परिसर में एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। शुरूआत प्रो. सुदेश ने हरी झंडी दिखाकर की। प्रो. सुदेश ने कहा कि भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा के लिए जो स्वप्न देखा, वह आज पूरा हो रहा है। आज महिलाएं नेतृत्व में भी आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में सी.एम. की शपथ हरियाणा की ही बेटी रेखा गुप्ता ने ली है। महिलाएं हर कार्य को करने के लिए सक्षम हैं।

विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता ने बताया कि स्वच्छता रैली में एन.एस.एस. की सब इकाइयों ने भाग ले लिया।

रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपने आस-पास को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रो. श्वेता सिंह, डॉ. नीतिका, डॉ. सवीना, डॉ. वीणा, हिमांशु शर्मा, डॉ. धीरज दहिया, सुमन आदि भी मौजूद रहे।

## 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारम्भ

# भगत फूल सिंह का सपना हो रहा पूराः वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि में आज से महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह जी की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारम्भ हो गया है। आज महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती सप्ताह की शुरुआत की। महिला विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस इकाइयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकली। जिसकी शुरुआत कुलपति प्रो. सुदेश ने हरी झंडी दिखा कर की। प्रो. सुदेश ने कहा कि स्वछता बहुत बढिया अभियान है। इसे केवल रैली के रूप में ही न लें अपितु जीवन का हिस्सा बनाएं। कुलपति ने कहा कि भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा के लिए जो स्वप्न देखा वो आज पूरा हो रहा है। आज महिलाएं नेतृत्व में भी आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में मुख्यमंत्री की शपथ एक महिला ले रही है। ये समस्त महिलाओं के लिए गर्व की बात है। महिलाएं हर कार्य को करने के लिए सक्षम है। कुलपति ने कहा कि एनएसएस एक महत्वपूर्ण इकाई है। जो पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा भी है। हमारे समाज के प्रति जो दायित्व है उन्हें भी निभाना चाहिए। विश्वविद्यालय की एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबिता ने बताया कि इस स्वच्छता रैली में विवि की समस्त एनएसएस इकाई भाग ले रही है। रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भगत फूल सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने आस पास स्वच्छ रखने का संदेश दिया।



गोहाना। भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रमेश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वितिका, डॉ. सवीना, डॉ. दीपू, हिमांशु शर्मा, डॉ. धीरज व सुमन मौजूद रहे।

# भगत फूल सिंह महिला विवि जयंती शुरू

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कला में गुरुवार को में शिक्षाविद भगत फूल सिंह की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह शुरू हो गया। कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिसर में एनएसएस इकाइयों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। कुलपति प्रो. सुदेश ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्वच्छता एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसे केवल रैली तक सीमित न रखें, बल्कि जीवन का हिस्सा बनाएं। भगत फूल सिंह ने महिला शिक्षा का जो सपना देखा था, वह आज साकार हो रहा है। महिलाएं नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका, डॉ. सवीना, डॉ. धीरज दहिया और सुमन आदि उपस्थित थे।

# भगत फूल सिंह जयंती सप्ताह शुरू, निकाली रैली

- स्वयंसेविकाओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकली
- रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया



प्रो. सुदेश छिक्कारा, कुलपति

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में गुरुवार को महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। स्वयंसेविकाओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकली, जिसकी शुरूआत कुलपति झंडी दिखाकर की।

कुलपति ने कहा कि स्वच्छता बहुत बढ़िया अभियान है। इसे केवल रैली के रूप में ही न लें अपितु जीवन का हिस्सा बनाएं। भगत फूल सिंह जी ने महिला शिक्षा के लिए जो स्वप्न देखा वो आज पूरा हो रहा है। महिलाएं हर कार्य को करने के लिए सक्षम है। एनएसएस का-आर्डिनेटर डा. बबिता ने बताया कि रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, डा. नितिका, डा. सवीना, डा. वीणा हिमांशु शर्मा, डा. धीरज दहिया, सुमन रहे।



महिला विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश स्वयंसेविकाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए • सौ. प्रवक्ता

# भगत फूल सिंह के जयंती सप्ताह का शुभारंभ

**सोनीपत।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शिक्षाविद भगत फूल सिंह की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयंती सप्ताह का शुभारंभ किया गया। महिला विवि की कुलपति प्रोफेसर सुदेश व कुलसचिव प्रोफेसर शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती सप्ताह की शुरुआत की। तत्पश्चात एनएसएस इकाइयों की ओर से स्वयंसेविकाओं ने विवि परिसर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। संवाद

All India Media Association
(http://aimamedia.org/)
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

English

Powered by Google Translate (https://translate.google.com)



Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
20/02/2025 03:07 PM

**Women are capable of doing every task- Prof Sudesh**

In Bhagat Phool Singh Women's University, 'Jayanti Saptah' has started today to commemorate the 140th birth anniversary of the great educationist Bhagat Phool Singh. Today, Vice Chancellor of Women's University Prof. Sudesh and Registrar Prof. Shivalik Yadav started the Jayanti Saptah by offering flowers to the statue of Bhagat Phool Singh.

Today, a cleanliness awareness rally was taken out by NSS units in the Women's University campus. Which was started by Vice Chancellor Prof. Sudesh by showing the green flag.

Prof. Sudesh said that cleanliness is a very good campaign. Do not take it only as a rally but make it a part of life. The dream that Bhagat ji saw for women's education is being fulfilled today. Today women are also coming forward in leadership. He said that today a woman is taking the oath of Chief Minister in Delhi. This is a matter of pride for all women. Women are capable of doing every work. The Vice Chancellor said that NSS is an important unit. Which remains connected with the society along with studies. We should also fulfill the responsibilities towards our society.

University's NSS Coordinator Dr. Babita said that all NSS units of the university are participating in this cleanliness rally. After the rally, a cleanliness drive was also carried out in the university campus and through street plays, the girl students of the university highlighted the life of Bhagat Phool Singh ji and gave the message of keeping the surroundings clean.

On this occasion, Registrar Prof. Shivalik Yadav, Dean of Student Welfare Prof. Shweta Singh, all program officers Dr. Nitika, Dr. Savina, Dr. Veena Himanshu Sharma, Dr. Dheeraj Dahiya and Suman were also present.

Photo caption: - 01 Vice Chancellor Prof. Sudesh, Registrar Prof. Shivalik Yadav and others offering flowers at the statue of Bhagat Phool Singh ji.

02. Vice Chancellor Sudesh flagging off the cleanliness awareness rally organized by NSS units.

**The First Update's Post**

The First Update
18 hours ago ·

The First Update-
खानपुर कलां -20 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज से महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह जी की 140 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'जयंती सप्ताह' का शुभारम्भ हो गया है। आज महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश व कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने भगत फूल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती सप्ताह की शुरुआत की। आज महिला विश्वविद्यालय परिसर में एन एस एस इकाइयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकली। जिसकी शुरुआत कुलपति प्रो सुदेश ने हरी झंडी दिखा कर की।
प्रो सुदेश ने कहा कि स्वछता बहुत बढ़िया अभियान है। इसे केवल रैली के रूप में ही न लें अपितु जीवन का हिस्सा बनाएं। भगत जी ने महिला शिक्षा के लिए जो स्वप्न देखा वो आज पूरा हो रहा है। आज महिलाएं नेतृत्व में भी आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में मुख्यमंत्री की शपथ एक महिला ले रही है। ये समस्त महिलाओं के लिए गर्व की बात है। महिलाएं हर कार्य को करने के लिए सक्षम है। कुलपति ने कहा कि एन एस एस एक महत्वपूर्ण इकाई है। जो पढाई के साथ साथ समाज से भी जुड़ी रहती है। हमारे समाज के प्रति जो दायित्व है उन्हें भी निभाना चाहिए।
विश्वविद्यालय की एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ बबिता ने बताया कि इस स्वच्छता रैली में विवि की समस्त एन एस एस इकाई भाग ले रही है। रैली के बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भगत फूल सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने आस पास स्वच्छ रखने का सन्देश दिया।
इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव , छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता सिंह ,सभी कार्यक्रम अधिकारी डॉ नितिका , डॉ सवीना , डॉ वीणा हिमांशु शर्मा , डॉ धीरज दहिया व सुमन भी मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन ;- 01 भगत फूल सिंह जी की प्रतिमा पर  पुष्प अर्पित करते कुलपति प्रो सुदेश , कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व अन्य।
02 . एन एस एस इकाइयों द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति सुदेश।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India

